**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**J 9 3 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : **2 ½** hours]

## PAPER-III

[Maximum Marks : **200**

## TOURISM ADMINISTRATION AND MANAGEMENT

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **26**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

## TOURISM ADMINISTRATION AND MANAGEMENT
## पर्यटन प्रशासन एवं प्रबन्धन

### PAPER–III
### प्रश्नपत्र–III

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I
## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस-बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. What methodology would you adopt if assigned with the responsibility to identity and develop new tourist destinations in your State ? Provide a systematic step-wise account to this effect concerning conceptualization to plan implementation stage. What are generally the major constraints in developing a new destination ?
यदि आपको अपने राज्य में पर्यटन गन्तव्य स्थलों की पहचान और विकास का उत्तरदायित्व दिया जाए तो आप इसके लिए क्या विधि अपनायेंगे ? इस संदर्भ में संरचना से कार्यान्वयन तक आने वाले विधिबद्ध पगों के बारे में लिखिए । एक नए गन्तव्य स्थल के विकास के मार्ग में प्राय: क्या अवरोध होते हैं ?

**OR / अथवा**

'*Rajasthan has fabulous tourism wealth especially in terms of colourful culture, beautiful palaces and spectacular forts',* comprehend this statement while citing the case of Jaipur, Jaisalmer, Udaipur and Shekhawati.
राजस्थान में विशिष्ट संस्कृति, भव्य महलों और दर्शनीय गढ़ों के रूप में अविश्वसनीय पर्यटन सम्पदा है । जयपुर, जैसलमेर, उदयपुर और शेखावती से उदाहरण देते हुए इस कथन को विस्तार दीजिए ।

**OR / अथवा**

Briefly describe the aims and objectives of Indian Convention Promotion Bureau (ICPB) and evaluate its role in the promotion of MICE tourism. Analyzing the present status of MICE tourism in India, examine the performance of Hyderabad & Bangalore in this context.
इण्डियन कॉन्वेन्शन प्रमोशन ब्यूरो (आई. सी. पी. बी.) के ध्येय और उद्देश्यों के बारे में संक्षेप में वर्णन कीजिए और इसकी माइस (MICE) पर्यटन को बढ़ावा देने की भूमिका का उल्लेख कीजिए । भारत में माइस पर्यटन की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए, इस प्रसंग में हैदराबाद और बंगलौर के निष्पादन का मूल्यांकन कीजिए ।

2. Why and how there is marked variation in the '*type and volume of tourists*', '*nature and range of service providers*', '*marketing strategies adopted by the tourism enterprises and their sales volume and profit margins*' and '*socio cultural impacts of tourism on the destination*', as also in '*guest – host relationship*' during different stages of destination life cycle ? Discuss in what situation a tourism destination should go for a diversification strategy.

'पर्यटकों का परिमाण और प्रकार', 'सेवा प्रदाताओं की श्रेणी और प्रकृति'; 'पर्यटक उद्यमों द्वारा अपनाई गई विपणन रणनीति और उनके विक्रय परिमाण और लाभ सीमा', गन्तव्य स्थल पर पर्यटन के समाज-सांस्कृतिक प्रभाव और गन्तव्य स्थल के जीवन-चक्र के विभिन्न स्तरों पर 'अतिथि-मेजबान के सम्बन्धों' में क्यों और क्या मूलभूत भिन्नता है ? वर्णन कीजिए कि किन परिस्थितियों में पर्यटन गन्तव्य स्थल को विभिन्नता की रणनीति को अपनाना चाहिए ।

**OR / अथवा**

Identify the factors affecting '*Tourist Market – Destination Trends*'. Taking into account the emerging tourist demand patterns, which region of the world, in your view, has greater scope for tourism development ? How do you see the future of South Asia in this regard and why ?
'पर्यटन बाजार–गन्तव्य स्थल रुझान को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान कीजिए । पर्यटकों की माँग के रुझान को ध्यान में रखते हुए आप बतलाइए कि संसार के कौन से क्षेत्र में पर्यटन विकास की ज्यादा सम्भावना है ? इस दिशा में दक्षिणी एशिया का क्या भविष्य है और क्यों ?

**OR / अथवा**

'*Every part of India has rich cultural heritage in terms of multitude of handicrafts*'. Justify this statement by citing suitable examples. Enlist such crafts products of the country that have already become popular as '*souvenirs'* among international tourists.
'भारत का प्रत्येक भाग हस्तशिल्पों की सम्पन्न सांस्कृतिक विरासत से भरपूर है ।' इस कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए । इस देश के उन हस्तशिल्प उत्पादों को सूचीबद्ध कीजिए, जो अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों में स्मृति चिह्नों के रूप में पहले ही लोकप्रिय हो चुके हैं ।

## SECTION – II
## खंड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions of **fifteen (15)** marks each to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खंड में **पन्द्रह-पन्द्रह (15-15)** अंकों के **तीन (3)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

3. State the meaning and uses of the travel documents and explain the procedures of travel documentation for the inbound and outbound tours.
पर्यटन दस्तावेजों के अर्थ और उपयोग को लिखिए । अन्तर्देशीय और बाह्य देशीय पर्यटन के लिए दस्तावेज तैयार करवाने की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए ।

4. A leading International Hotel Group is planning to set-up *chain of hotels* in India. What parameters, in your view, should the Company keep in mind while identifying the suitable places and sites for its operations ? How would it decide on the 'quality' and 'range' of services to be offered *vis a vis* the targeted market segment ?
एक मुख्य अंतर्राष्ट्रीय होटल समूह की भारत में होटल-शृंखला स्थापित करने की योजना है । आपके विचारानुसार, उस कम्पनी को उपयुक्त स्थानों और कार्यान्वति के लिए स्थलों की पहचान करने के लिए किन मापकों का ध्यान रखना चाहिए ? यह किस प्रकार 'गुणवत्ता' और इस द्वारा ही जाने वाली सेवाओं के विस्तार के बारे, लक्ष्य-अधीन विपणन खण्ड को ध्यान में रखते हुए, कैसे निर्णय लेंगे ?

5. What is Environment Impact Assessment (EIA) ? Outlining the significance of EIA, develop a model towards assessing impact of tourism on the beaches of Goa and Kerala. Also suggest appropriate physical planning process towards minimizing the adverse impact on beach environment.

पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ई.आई.ए.) क्या है ? ई.आई.ए. के महत्त्व की रूपरेखा देते हुए, गोवा और केरल के समुद्री बीचों पर पर्यटन के प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए मॉडल का विकास कीजिए । समुद्री 'बीच' पर्यावरण पर दुष्प्रभाव को न्यूनतम बनाने के लिए उपयुक्त भौतिक नियोजन का सुझाव भी दीजिए ।

## SECTION – III

## खंड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Under what circumstances 'Stratified Random Sampling Design' is considered appropriate ?
किन परिस्थितियों में स्तरीय यादृच्छिक परिदर्श प्रारूप को सही समझा जाता है ?

7. Differentiate between Type I and Type II error in hypothesis testing.
परिकल्पना परीक्षण के संदर्भ में 'प्रकार-I' एवं 'प्रकार-II' में अन्तर बताइये ।

8. What makes the night audit so important for a hotel ?
होटल के लिए नाइट ऑडिट इतना महत्त्वपूर्ण क्यों होता है ?

9. What is site museum ? Why and how they are established ?
'स्थल संग्रहालय' क्या होते हैं ? ये क्यों और कैसे स्थापित किये जाते हैं ?

10. Enlist the unique features of Sun Temple of Konark.
कोणार्क सूर्य मन्दिर के विशिष्ट लक्षणों को सूचिबद्ध कीजिये ।

11. What is Satellite Accounting ?

सेटेलाइट अकाउण्टिंग क्या होता है ?

12. What are the different leadership styles ?

'नेतृत्वता' के विभिन्न प्रकार क्या हैं ?

13. Why a tourism entrepreneur needs to understand 'Tourist Satisfaction' ?

पर्यटन उद्यमियों को 'पर्यटन सन्तुष्टि' के बारे में क्यों जानना चाहिये ?

14. Differentiate between 'Sustainable Mass Tourism' and 'Unsustainable Mass Tourism'.

वहनीय बहुल पर्यटन तथा अवहनीय बहुल पर्यटन में अन्तर बताइये ।

## SECTION – IV

## खंड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

**(5 × 5 = 25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

The role and use of tourism in society is multifaceted and constantly demonstrates duality. For example, it can be: a means of economic enhancement and used to fight poverty but may also reiterate economic inequality; destroyer of culture or a source for renowned cultural pride; a destructive force upon nature or a means for environmental conservation; a representation of the escape from the everyday pressure of life or a search for authenticity; an activity that offers empowerment for women or that exploits women in a patriarchal and stereotypical fashion. Which of these aspects of tourism manifest themselves will ultimately be a consequence and reflection of the wider relationships that exists in society, and the ethical base upon which they are formulated. The impacts that result from the interactions that take place within the tourism system potentially raise a number of ethical issues. These include democracy, denial of human rights, the destruction of nature, exploitation and abuse. Given the global scale and the increasing economic importance of tourism, debates about the ethics of tourism are likely to become more prevalent in the future. Therefore the requirement for a deeper understanding of tourism and its role in society has never been more relevant than today.

समाज में पर्यटन की भूमिका तथा उपयोग बहुआयामी है तथा सदा ही यह एक द्वैत को द्योतित करता है । उदाहरण स्वरूप, यह आर्थिक प्रगति का साधन हो सकता है तथा इसका उपयोग गरीबी का मुकाबला करने के लिए हो सकता है, परन्तु यह आर्थिक असमानता को भी बारंबार इंगित करता है । इसी प्रकार इसे संस्कृति का विनाशक अथवा विख्यात सांस्कृतिक गर्व का स्रोत; प्रकृति का विध्वंस करनेवाली ताकत अथवा पर्यावरणीय संरक्षण का एक साधन; दिन-प्रतिदिन के दबावों से छुटकारा अथवा प्रामाणिकता के लिए खोज; महिलाओं का सशक्तिकरण करने वाला क्रियाकलाप अथवा पितृसत्तात्मक या घिसी-पिटी रीति में महिलाओं का शोषण करने वाला क्रियाकलाप भी माना जाता है । पर्यटन के इन पहलुओं में से कौन कब प्रकट हो जाएगा यह अंतत: समाज में विद्‌यमान व्यापक संबंधों का तथा उस नैतिक आधार पर जिन पर वे निर्मित हैं का नतीजा और प्रतिबिम्ब है । पर्यटन प्रणाली में घटित होने वाली अंत:क्रियाओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव अनेक आचार परक मुद्दों को जन्म

देते हैं । इनमें प्रजातंत्र, मानवाधिकारों का हनन, प्रकृति का विनाश, शोषण तथा दुरुपयोग सम्मिश्रित हैं । वैश्विक पैमाने तथा पर्यटन के बढ़ते हुए आर्थिक महत्त्व के परिप्रेक्ष्य में पर्यटन के आचारशास्त्र पर भविष्य में अधिक वाद-विवाद होंगे । अत: पर्यटन तथा समाज में इसकी भूमिका की गहरी समझ की आवश्यकता जितनी आज है उतनी पहले कभी नहीं थी ।

15. Draw the conclusion on the above paragraph within thirty words.
उपरोक्त गद्यांश का निष्कर्ष तीस शब्दों के अंदर लिखिए ।

16. Why there is need of debate on tourism ethics while it is of paramount economic significance ?
पर्यटन आचार-व्यवहार पर वाद-विवाद की क्या आवश्यकता है, जबकि इसका अत्यधिक आर्थिक महत्त्व है ।

17. Describe the contribution of tourism in combating poverty.
गरीबी का सामना करने में पर्यटन की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

18. Comment on the role of tourism with respect to women.
महिलाओं के संबंध में पर्यटन की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए ।

19. Why is it said that the impact of tourism may prove disastrous to the society ?
यह क्यों कहा जाता है कि समाज पर पर्यटन का विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा ?

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ..........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................